महत्वपूर्ण एवं खास

छेड़खानी, मारपीट के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

पूंजीपथरा। दिनांक 21/06/2021 को पूंजीपथरा पुलिस महिला से छेड़खानी व मारपीट के आरोप में 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार कल दिनांक 20/06/2021 को थाना पूंजीपथरा में महिला रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 20.06.21 को सुबह करीब 11.00 बजे घर में थी। उसी समय भैंसगढी का धनेश्वर सिदार घर आया, जो शराब पीये हुआ था। धनेश्वर सिदार शराब के नशे में घर के सोफा में बैठना चाहा जिसे मना की और घर में कोई नहीं है कहकर घर से जाने को बोली। तब धनेश्वर सिदार बेईज्जती करने की नियत से महिला का हाथ पकड़कर खींचने लगा जिससे खुद को छुडा कर भागी। कुछ देर बाद मोटर सायकल में धनेश्वर अपने साथी लीलाधर सिदार एवं तिहारू ऊर्फ दिलेश्वर को लेकर आया जो गाली गलौच कर मारपीट करने लगे। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 183/21 धारा 354, 323, 34 भादवि दर्ज कर आरोपी (1) धनेश्वर सिदार पिता स्व उजोग राम उम्र 45 साल (2) लीलाधर सिदार पिता दिलेश्वर सिदार उम्र 45 साल (3) तिहारू सिदार उर्फ दिलेश्वर सिदार उम्र 34 साल सभी निवासी भैंसगढ़ी थाना पूंजीपथरा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

प्लांट से लोहा चोरी कर भाग रहे दो आरोपियों को प्लांट के स्टाफ ने पकड़ा

पूंजीपथरा। थाना पूंजीपथरा अन्तर्गत स्थित रायगढ़ इस्पात प्लांट सराईपाली के सिक्योरिटी गार्ड व फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी की मदद से दिनांक 20.06.21 की रात्रि फैक्ट्री के पास रखे सपोटर राड को मोटर सायकल में बांध कर ले जा रहे दो चोरों को पकड़े। मोटर सायकल में सवार दोनों अपना नाम सूरज अगरिया, बंशीधर साहू निवासी सराईपाली बताये। थाना पूंजीपथरा में प्रार्थी परदेशी राम बरेठ पिता जग राम उम्र 24 साल साकिन डोगिया सलोनी थाना माल खड़ावदा मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ हाल मुकाम रायगढ इस्पात प्लांट सराईपाली के रिपोर्ट पर आरोपी (1) बंशीधर साहू पिता की शौकी लाल साहू पिता उम्र 35 वर्ष साकीन सरायपाली थाना पूंजीपथरा (2) सूरत अगरिया पिता समारू अगरिया उम्र 24 साल साकीन सराईपाली थाना पूंजीपथरा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 182/21 धारा 379,34 आईपीसी दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

आशा और इस्माइल योजना के तहत मिलेगा ऋण

रायगढ़। कोविड-19 महामारी से परिवार के मुखिया की मृत्यु होने के कारण जीवन-यापन में कठिनाई का सामना कर रहे परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आशा एवं स्माईल नाम से योजनाएं प्रारम्भ की गई है। जिसमें 20 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान शामिल होगा। आवेदन कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 94 जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कार्यालय, रायगढ़ में जमा कर सकते हैं। जिला अंत्यावसायी विकास समिति के प्रभारी कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि कोविड़-19 महामारी से परिवार के मुखिया के मृत्यु पश्चात् परिवार के पालन पोषण करने वाले व्यक्ति के लिए आशा और स्माइल योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए अधिकतम 5 लाख रूपये का ऋण दिया जायेगा। अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के 18 से 50 वर्ष के मध्य आयु के आवेदक पात्र होंगे। आवेदन के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा। आय 3 लाख रुपये से अधिक ना हो। आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, स्वयं का बैंक पासबुक की छाया प्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।

मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के 53.43 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन

» योजना के हितग्राहियों से भी किया संवाद

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय से जल जीवन मिशन के अंतर्गत रायगढ़ जिले के 53 करोड़ 43 लाख रुपये लागत के विभिन्न कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि शुद्ध पेयजल देने के निश्चय के साथ ही इस महती योजना की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हम स्वच्छ पानी की व्यवस्था करा रहे है, उसी तरह गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था भी करेंगे। जिन गांवों की गलियां सकरी है वहां सोख्ता गड्ढा की व्यवस्था की जाएगी और जिन गांव की सड़कें या गलियां चौड़ी है वहां पानी निकासी के लिए नालियां बनवाई जाएंगी। उन्होंने कहा प्रदेश कि नरवा योजना जल जीवन मिशन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। नरवा योजना से हम ग्राउण्ड वाटर को रिचार्ज करके पानी की समस्या का निराकरण कर पायेंगे और भविष्य में भी सभी लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। पानी की टेस्टिंग के लिए ग्राम पंचायतों के लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे वे स्वयं फील्ड टेस्टिंग के माध्यम से पानी की जांच कर सकते है। साथ ही साथ पानी की जांच के लिए प्रयोगशाला का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़े जलाशयों में जल भराव का नियत्रंण करके उन्हे शहर एवं गांव से कनेक्ट किया जाएगा। ताकि प्रत्येक घर में सुचारू रूप से जल प्रदाय किया जा सके। मुख्यमंत्री बघेल इस अवसर पर रायगढ़ जिले के योजना के हितग्राहियों से भी बातकर उनके अनुभव जाने।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत ने की। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री रूद्रकुमार, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव डहरिया, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी शामिल हुये। रायगढ़ जिले से विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, कलेक्टर भीम सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, जिला पंचायत सदस्यगण, सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष, ईई पीएचई संजय सिंह, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा उपस्थित रहे।

समय की होती है बचत – आज भूमिपूजन के दौरान योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने भी मुख्यमंत्री बघेल से अपने अनुभव साझा किये। रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-सांगीतराई गांव की श्रीमती परमेश्वरी पटेल ने कहा कि घर में नल का कनेक्शन मिल जाने से बहुत सुविधा है। घर में ही पानी आ जाने से अब कही बाहर पानी लाने नहीं जाना पड़ता इससे समय व ऊर्जा की बहुत बचत होती है। इसी प्रकार पुसौर विकासखण्ड के ग्राम तुर्री के अमर लाल पटेल ने बताया कि नल कनेक्शन मिलने से घर में पानी मिलने पर अब ट्यूबवेल व हैण्डपंप पर पानी के लिये निर्भर नहीं रहना पड़ता है। पानी की हमेशा उपलब्धता होने से शौचालय का उपयोग आसान हो गया है। इस दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रचार व जागरूकता रथ को आज कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

एनएच पर पैदल जा रहे मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत

रायगढ़। दिनांक 20/06/2021 को रानीसागर खरसिया में रहने वाले महेश राम खडिया (उम्र 29 साल) रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके बुआ का लड़का मिलन कुमार खडिया पिता स्व0 रत्थु राम खडिया उम्र 23 वर्ष साकिन अमलीडिपा थाना सारंगढ हा0 मु0 रानीसागर थाना खरसिया विगत 02 वर्षो से रानीसागर में अपने मामा के घर रहकर रूकमणी पावर प्लांट रानीसागर में मजदुरी का काम करता था। दिनांक 20.06.2021 के शाम करीब 6:00 बजे महेश खड़िया एनएच की ओर कुछ काम से पैदल गया था, शाम करीब 7:30 बजे घर आते समय एनएच 49 पर हेक्सा स्टील प्लांट के पास कोई अज्ञात वाहन का चालक एक्सीडेन्ट कर भाग गया।

डायल 112 वाहन की मदद से महेश को सीएचसी खरसिया ईलाज के लिए भर्ती कराये थे, जहां महेश का निधन हो गया है। सड़क दुर्घटना के रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध अप.क्र. 331/2021 धारा 34(ए) आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

समझाईश का हुआ असर, 27 साल में पहली बार गणेश ने लगवाया टीका

रायगढ़ । जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत लुकापारा में कोविड-19 के टीकाकरण के दौरान एक सुखद वाकया देखने को मिला, जहां एक नव युवक गणेशराम साहू ने कोविड टीकाकरण में लगी टीम के समझाईश के असर से 27 साल में पहली बार किसी तरह का टीका लगवाया है। उसने आज टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर खुद से यह टीका लगवाया है।

38 वर्षीय गणेश राम साहू जो कि एक दिहाड़ी कृषि मजदूर है और गांव में रह कर जीवन-यापन कर रहा है। टीकाकरण अभियान में उसके पूरे परिवार का टीकाकरण हो चुका है, परंतु गणेशराम को बार-बार समझाने पर भी वह टीकाकरण के लिए राजी नहीं हो रहा था। ग्राम के सरपंच, सचिव एवं अन्य टीम के द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद भी यह तर्क देता रहा कि 'मैंने पिछले 27 सालों से किसी भी प्रकार का इंजेक्शन नहीं लगवाया है, मैं पूरी तरह से स्वस्थ्य हूँ तथा मैं कोरोना जैसे महामारी से नहीं डरता हूँ। उसने टीकाकरण को लेकर गलत धारणा बनायी थी और कहता था कि इंजेक्शन लगाने से शायद मैं बीमार पड़ जाऊं। बार-बार उसके द्वारा मना करने पर नीलाराम पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बरमकेला को सूचित किया गया और सीईओ द्वारा उसे बार-बार समझाने को कहा गया। ग्राम पंचायत लुकापारा के सरपंच देवानंद सामल, सचिव रंजित सिंह सिदार एवं पूरी टीम हिम्मत न हारकर उसे लगातार समझाते रहे कि रायगढ़ जिले में ही 7 लाख से अधिक टीके लगाये जा चुके है। इसमें कहीं किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। टीम जब 22 जून 2021 को गणेशराम साहू के घर पहुंचकर संबंधित को जब इस महामारी के विषय में बताया कि कोरोना जैसे माहमारी से बचने के लिए टीकाकरण कितना आवश्यक है तथा एक व्यक्ति के टीका नहीं लगाने से संक्रमण गांव के दूसरे व्यक्ति से तीसरे व्यक्ति में फैलने से कोरोना के चैन को हम कभी नहीं तोड़ पायेंगे। ये सारी बातों को सुनकर कर अंत में गणेशराम कोरोना का टीका लगवाने हेतु टीकाकरण सेन्टर में जाकर स्वर्स्फूत टीका लगवाया। इससे यह सिद्ध होता है कि 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।'

बांस एवं ट्री गार्ड बनाकर नारायणी स्व-सहायता समूह की महिलायें हो रही आर्थिक रूप से सशक्त , साढ़े चार लाख से अधिक की आय कर चुकी है अर्जित

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के एसएचजी से जुड़कर विकासखण्ड खरसिया के नारायणी स्व-सहायता समूह की महिलायें बांस एवं ट्री गार्ड कार्य कर आजीविका गतिविधि संचालित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। उनकी इस सफलता से गांव की अन्य महिलायें भी प्रेरित हो रही है।

विकासखण्ड खरसिया के ग्राम पंचायत बरगढ़ में नारायणी स्व-सहायता समूह का गठन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान)के तहत किया गया। समूह में 10 सदस्य है और समूह से जुड़ी महिलाओं का परिवार व्यक्तिगत रूप से कृषि एवं गैर कृषि कार्य में संलग्न है एवं इनके परिवार की आय का एक मुख्य स्त्रोत भी है। समूह की महिलाओं द्वारा बास एवं ट्री गार्ड कार्य कार्य करते दो वर्ष से अधिक हो चुका है। इस कार्य से वे अब तक 4 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित कर चुकी है। बिहान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत महिलाओं एवं युवतियों को स्व-सहायता समूह के रूप में गठित कर एवं उन्हें प्रेरित कर स्व-रोजगार से जोड़े जाने की अति महत्वाकांक्षी योजना है।

अरूणोदय कुष्ठ आश्रम के 29 परिवारों को किया गया खाद्यान्न वितरण

रायगढ़। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत सीएचएचओ डॉ.एस.एन.केसरी के मार्गदर्शन में आज अरूणोदय कुष्ठ आश्रम जुर्डा में डेमियन फाउण्डेशन के द्वारा वहां निवासरत 29 परिवारों में खाद्यान्य वितरण जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी, डेमियन फाउण्डेशन के दिलीप गोप कोआर्डिनेटर रायगढ़, प्रदीप गोप कोआर्डिनेटर जांजगीर-चाम्पा के हाथों किया गया। जिसमें प्रत्येक परिवार को 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 2 किलो दाल, 1 लीटर तेल, 1 किलो सोयाबडी, 5 किलो आलू, 1 किलो प्याज, हल्दी पावडर, धनिया पावडर, 1 साबून का वितरण किया गया। साथ ही विकृति से बचाव हेतु स्वरक्षा एवं विकृति बचाव शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अपने हाथ, पैर, आंख की देखभाल कैसे करना है उसके बारे में बताते हुए एमसीआर चप्पल एवं टब 16 लोगों को, सेल्फ केयर किट 10 लोगों को दिया गया। कार्यक्रम में डेमियन फाउण्डेशन के सीएसडब्ल्यू हेमन्त तिग्गा, अरविन्द तिग्गा, डीएनटी टीम रायगढ़ से आर.एस.पटेल, एम.पी.साहू, डॉ.अनिता पटेल, शुभम कुमार साहू ने सक्रिय भागीदारी निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

पत्नी को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

» धरमजयगढ़ क्षेत्र का मामला, मर्ग जांच बाद अपराध दर्ज किये जाने के बाद फरार था आरोपी

धरमजयगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा वारंटियों एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये गये अभियान में प्रतिदिन वारंटियों व फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। इसी क्रम में थाना धरमजयगढ के अप.क्र. 93/2021 धारा 306 भादवि के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार थाना धरमजयगढ़ के मर्ग क्र0 43/2020 धारा 174 जा0फौ0 की मृतिका अमरीका राठिया पति नरेश राठिया उम्र 21 वर्ष के मर्ग जांच पर उसके पति नरेश राठिया द्वारा अमरीका राठिया को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध दिनांक 16/05/2021 नरेश राठिया के विरूद्ध उसकी पत्नी को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी अपराध दर्ज होने के बाद से अपने सकुनत से फरार था, जिसे विशेष अभियान दौरान थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अंजना केरकेट्टा, उप निरीक्षक प्रवीण मिंज व हमराह स्टाफ द्वारा पतासाजी कर पकड़ा गया है। आरोपी नरेश राठिया पिता साधराम राठिया उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम ओंगना थाना धरमजयगढ़ को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

किशोरी को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

धरमजयगढ़। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र की किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक के कब्जे से नाबालिग को दस्तयाब कर आरोपी को दुष्कर्म व पास्को एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार बालिका दिनांक 03/11/2020 की रात्रि लगभग 09 बजे घर बाथरूम के बहाने निकली और कहीं चली गई। घरवाले आसपास एवं रिश्तेदारों में पता किये बालिका का कहीं पता नहीं चला। दिनांक 06/11/2020 को बालिका के पिता थाना धरमजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 195/2020 धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अपहृता की लगातार पतासाजी में पता चला कि बालिका ग्राम सोहनपुर लालमाटी के दिनेश पुरोहित के साथ देखी गई है। संदेही की पतासाजी में ज्ञात हुआ कि दोनों गोवा गये हुये हैं , जिसके बाद गोवा पुलिस से सम्पर्क कर धरमजयगढ़ पुलिस संदेही दिनेश पुरोहित को बालिका को साथ लेकर रायगढ़ लेकर आने का दबाव बनाई। कोविड संक्रमण की स्थिति कुछ सामान्य होने पर दिनेश पुरोहित रायगढ़ आया, जिसके कब्जे से आज नाबालिग दस्तयाब की गई है। बालिका के कथन, मुलाहिजा रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि 5(ठ),6 पास्को एक्ट विस्तारित कर आरोपी दिनेश पुरोहित पिता श्याम सुन्दर पुरोहित 23 साल निवासी ग्राम सोहनपुर लालमाटी चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

ट्रेन के पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बचाई मासूम की जान

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के दाबपाल गांव के पास विशाखापट्नम से किरन्दुल आ रही मालगाड़ी दाबपाल के पास एक 05 वर्ष की मासूम की जिंदगी बचाने के लिये अचानक ट्रेन के पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक खींचकर खड़ी कर दी। ट्रेन जब रुकी तो वह बच्ची के करीब पहुंच गयी थी। जिसकी वजह से बच्ची घबराकर बेसुध हो गयी थी। समय रहते मालगाड़ी के रेलवे चालक की सतर्कता और गीदम पुलिस की तत्परता से बच्ची की जान बच गयी।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU